आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–06 जुलाई 2024 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को आश्वस्त किया है कि प्रदेश के सभी तटबंध पूरी तरह सुरक्षित हैं। बाढ़ से बचाव की समय से पहले तैयारी के कारण ऐसा सम्भव हो सका है। मुख्यमंत्री आज गोरखपुर में मलौनी तटबंध का निरीक्षण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि बाढ़ से बचाव के कार्य पन्द्रह जून तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिये गये थे। श्री योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार बाढ़ से जनधन की हानि शून्य करने के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वह तटबंधों पर निरन्तर नजर रखें। जनता को किसी तरह की परेशानी न हो, येह सुनिश्चित करें। श्री योगी ने नागरिकों से कहीं भी जलभराव न होने देने की अपील की। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह भी मौजूद रहे।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आज का समय तकनीक का समय है। समय के अनुरूप ही हमें उन्नत तकनीक को लेकर आगे बढ़ना होगा। इसके लिये युवाओं को नये दौर के तकनीकी पाठ्यक्रमों की शिक्षा प्रदान करनी होगी। मुख्यमंत्री आज सहजनवां के हरदी में राजकीय पालटेक्निक के भवनों का उद्घाटन करने के लिये आयोजित समारोह में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज कुछ युवा ऑनलाइन फर्जी कम्पनियों की लालच में फंसकर अपना धन और समय दोनों खराब कर रहे हैं। उन्हें इससे बचना होगा। साइबर सिक्योरिटी को एक बड़ा मुद्दा बताते हुए श्री योगी ने कहा कि इसके लिये भी डिग्री या डिप्लोमा पाठ्यक्रम चलाकर प्रशिक्षित युवाओं को तैयार करना होगा। साइबर सिक्योरिटी में प्रशिक्षित युवा साइबर से सम्बन्धित अलग–अलग कार्यों में अपना योगदान दे सकते हैं और इसके माध्यम से रोजगार भी प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार प्राप्त युवा अपनी समृद्धि के साथ–साथ देश और प्रदेश की समृद्धि में भी योगदान सुनिश्चित करेगा।

****

कांवड़ यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने आज प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और पुलिस महानिरीक्षक प्रशान्त कुमार मेरठ पहुंचे। वहां उन्होंने आसपास के चार राज्यों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि इस बार की कांवड़ यात्रा देश भक्ति पर केन्द्रित होगी। कांवड़ियों के हाथ में तिरंगा झंडा भी नजर आयेगा। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि हमेशा की तरह इस बार भी हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कर कांवड़ियों का स्वागत किया जायेगा, साथ ही उनकी सम्पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित की जायेगी। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यात्रा की तैयारियों में कमी को जल्द से जल्द दूर कर लिया जाए। उन मुद्दों पर काम किया जाय जिनके चलते पहले हादसें हो चुके हैं।

****

भारत संचार निगम लिमिटेड उत्तर प्रदेश के पूर्वी परिमण्डल के नये महाप्रबंधक महेश चन्द्र सिंह ने कहा है कि अगले तीन महीने में बीएसएनएल समूचे प्रदेश में अपनी फोर–जी नेटवर्क सेवा का सम्पूर्ण विस्तार कर लेगा। उन्होंने बताया कि इसके लिये पूर्वी उत्तर प्रदेश में फोर–जी के बासठ सौ उपकरण और पांच सौ पचास नये टॉवर लगाये जा रहे हैं। सुल्तानपुर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए मुख्य महाप्रबंधक श्री सिंह ने यह भी बताया कि फोर–जी नेटवर्क की सम्पूर्ण सेवा विस्तार के बाद तत्काल फाइव–जी नेटवर्क का शुभारम्भ भी कर दिया जायेगा।

****

नीट–पीजी प्रवेश परीक्षा दो हजार चौबीस अगले महीने की ग्यारह तारीख को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड ने परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस परीक्षा को पिछले महीने परीक्षा की निर्धारित तिथि से एक दिन पहले स्थगित कर दिया गया था। यह निर्णय कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता को लेकर लगे आरोपों को ध्यान में रखते हुए लिया गया था।

****

गोरखपुर के महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में अब एमबीबीएस की भी पढ़ाई होगी। नेशनल मेडिकल काउंसिल ने विश्वविद्यालय में पचास सीटों पर एमबीबीएस की पढ़ाई को मान्यता प्रदान कर दी है। पाठ्यक्रम का संचालन इसी सत्र से शुरू कर दिया जायेगा। प्रवेश की प्रक्रिया नीट काउंसिलिंग के जरिये सम्पन्न की जायेगी।

****

पूर्वी उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जिलों में बीते चार दिन से आसमान में बादल छाये हुए हैं और रूक–रूक कर गरज–चमक के साथ वर्षा का सिलसिला जारी है। अधिक वर्षा के चलते कई जिलों में जल–जमाव की स्थिति बन रही है। उधर, मौसम विभाग ने अगले दो–तीन दिन तक बादलों के बने रहने और रूक–रूक कर वर्षा होते रहने का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विभाग ने बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, शाजहांपुर, पीलीभीत, बरेली और रामपुर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

****